बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

17 मार्च, 2022

[जल संसाधन - वित्त विभाग - श्रम संसाधन - परिवहन - लघु जल संसाधन - अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण - पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण - वाणिज्य कर - पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन - मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन - योजना एवं विकास - समाज कल्याण गृह].

Total Short Notice Question- 5

जल जमाव की समस्या

*35 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **जल संसाधन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य का मुख्य व्यवसाय कृषि है और यह कुल जनसंख्या के लगभग 60 प्रतिशत व्यक्तियों को रोजगार प्रदान करता है;

(ख) क्या यह सही है कि बेगूसराय जिला सहित राज्य के बड़े हिस्से में कृषि योग्य भूमि में जल जमाव की समस्या है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि सरकार के पास इस क्षेत्र का जल जमाव दूर करने के लिए कोई कार्य योजना है?

सी.एन.जी. में कन्वर्ट

*90 **श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि पटना के शहर को प्रदूषण मुक्त रखने की योजना के तहत यहां के सभी पेट्रोल एवं डीजल ऑटो को सी.एन.जी. में कन्वर्ट कराना है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ऑटो को सी.एन.जी. में कन्वर्ट कराने हेतु विभाग द्वारा चार वार आदेश देने के बावजूद अभी भी दस हजार डीजल ऑटो पटना शहर में दौड़ रहे हैं, यदि हां तो सी.एन.जी. में कन्वर्ट नहीं कराने का क्या कारण है और सरकार कबतक इस कारण का निवारण कराना चाहती है ?

बस सेवा की शुरुआत

*91 **श्री गुलाम रसूल (विधान सभा)ः**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राजधानी पटना स्थित ज्ञान गंगा बाईपास के पार जूलॉजिकल ऑफ इंडिया के नाला पर डेंटल कॉलेज, महात्मा गांधी नगर होते हुए कांटी फैक्ट्री रोड तक की मुख्य सड़क एक बड़ी आबादी को आच्छादित करती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क पर नगर बस सेवा का परिचालन नहीं होने के कारण बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी एवं विजयनगर आसपास की आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ पर नगर बस सेवा शुरू करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

डी.टी.ओ. का प्रभार

*92 **मो. फारूक (विधान सभा)ः**

क्या **परिवहन** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर में जिला परिवहन पदाधिकारी का पद वर्षों से रिक्त रहने के कारण सीतामढ़ी के डी.टी.ओ. के प्रभार में है;

(ख) क्या यह सही है कि जिला में डी.टी.ओ. के अभाव में राज्य सरकार के राजस्व

की उगाही में नुकसान हो रहा है, जनता के लिए परिवहन की व्यवस्था में कठिनाई हो रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिवहर में डी.टी.ओ. का पदस्थापन अथवा इसमें कठिनाई होने की स्थिति में जिला के किसी वरीय उप समाहर्ता को डी.टी.ओ. का प्रभार देना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

भवन निर्माण

*93 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **समाज कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में 6 साल तक कुपोषित बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती महिलाओं की देखभाल, पोषणयुक्त पोषाहार वितरण के लिए 1.14 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों का गठन किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य में 1.14 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में से मात्र 26,097 आंगनबाड़ी केंद्रों के पास ही अपनी जमीन व भवन उपलब्ध है, तथा राज्य में 74,325 आंगनबाड़ी केंद्रों के पास न तो अपनी जमीन है, और न ही अपना भवन है;

(ग) क्या यह सही है कि 11672 आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सरकारी स्कूलों के भवन में किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार 74 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भूमि उपलब्ध कराते हुए भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?